
## कलर्स पर 'बिग बॉस 18' का धमाकेदार आगाज

# सलमान खान के साथ दिखेगा प्रतिभागियों में 'टाइम का तांडव'

एजेंसी • मुंबई
editor@peoplessamachar.co.in

बिग बॉस 18 के फैन्स का इंतजार आखिरकार रविवार को खत्म हो गया। सलमान खान का यह पॉपुलर शो रविवार को कलर्स चैनल पर रात 9 बजे से प्रसारित हुआ। बता दें, शो के प्रीमियर से पहले बिग बॉस 18 के घर की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, जिसमें इस बार घर के अनोखे डिजाइन की झलक देखने को मिली है। बिग बॉस 18 की थीम 'टाइम का तांडव' है। घर को इस थीम के अनुसार डिजाइन किया गया है, जिसमें भविष्य के साथ प्राचीन काल की झलक भी मिलती है। इस बार टीवी और फिल्मी दुनिया के कई नामी चेहरे 'बिग बॉस 18' में धमाल मचाने के लिए तैयार हो गए हैं।




## 15 साल की उम्र में विधवा का रोल निभाने वाली भोपाल की ईशा सिंह बिग बॉस की कंटेस्टेंट बनीं

'बिग बॉस 18' का रविवार रात 9 बजे धमाकेदार प्रीमियर हुआ। इस दौरान पिछले कुछ समय से कंटेस्टेंट्स को लेकर जो चर्चाएं चल रही थीं, उन पर विराम लग गया। सलमान ने एक-एक करके सभी कंटेस्टेंट्स के नाम से पर्दा उठाया। शो की 14वीं कंटेस्टेंट ईशा सिंह बनीं, जो कलर्स के टीवी शो 'सिर्फ तुम' की लीड एक्ट्रेस रही हैं। ईशा बताती हैं कि कलर्स वालों ने उन्हें सुबह फोन किया और कहा कि आप ये शो कर रही हो। उल्लेखनीय है कि ईशा सिंह भोपाल के कोलार इलाके की रहने वाली हैं। उनके पिता पंकज



सिंह चौहान बिल्डर हैं और उनका एमपी नगर में ऑफिस है। उनकी मां का नाम रेखा सिंह है। ईशा ने भवन्स स्कूल से पढ़ाई की है। ईशा का पहला सीरियल 'इश्क का रंग सफेद' था। इसमें उन्होंने 15 साल की उम्र में विधवा का रोल किया था। ईशा की एक मूवी और दो वेब सीरीज आने वाली हैं। 'बिग बॉस 18' के 17वें कंटेस्टेंट के रूप में विवियन डीसेना ने भी एंट्री ली। विवियन सीरियल 'सिर्फ तुम' में ईशा सिंह के सह कलाकार हैं और खुद को कलर्स चैनल का बेटा बताते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### महाकुंभ 2025 का लोगो, वेबसाइट व ऐप लॉन्च

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 का लोगो वेबसाइट और ऐप लॉन्च कर दिया है। लोगो में कुंभ के प्रतीक कलश पर ॐ लिखा दिख रहा है। ऐप और वेबसाइट पर घाट व आवास तक पहुंचने के लिए गूगल नेविगेशन स्वास्थ्य, सुरक्षा के महत्वपूर्ण अलर्ट, मेले के कार्यक्रमों की जानकारी मिलेगी। योगी ने बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश दिए।


योगीआदित्यनाथ

### ब्रिटेन के पीएम की चीफ ऑफ स्टाफ सू ग्रे का इस्तीफा

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की चीफ ऑफ स्टाफ सू ग्रे ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह फैसला अपने वेतन से जुड़े मामले पर हो रहे विरोध के बाद लिया है। ग्रे ने कहा कि इस्तीफा देने के बाद कहा कि उनके वेतन के बारे में मीडिया में आ रही खबरें सरकार के लिए ध्यान भटकाने वाली हो सकती हैं। मामले को लेकर खुद कीर स्टार्मर भी विरोध का सामना रह रहे थे।


कीरस्टार्मर

### पश्तून राजनीतिक दल पर पाक सरकार ने लगाया बैन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने जातीय पश्तून राजनीतिक दल को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताते हुए इस दल पर पाबंदी लगा दी है। आतंकवाद-रोधी अधिनियम, 1997 की धारा 11बी के तहत इस पार्टी को गैर-कानूनी घोषित कर दिया गया है। पश्तून तहफ्फुज मूवमेंट (पीटीएम) अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कबायली क्षेत्र में सक्रिय है।


शाहबाजशरीफ

### भारतीय वायुसेना की 92वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुआ था कार्यक्रम

# चेन्नई में एयर शो में डिहाइड्रेशन से 5 की मौत, 240 लोग हॉस्पिटल में भर्ती

एजेंसी • चेन्नई
editor@peoplessamachar.co.in

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। भारतीय वायुसेना की 92वीं वर्षगांठ के मौके पर चेन्नई में एक एयरशो का आयोजन किया गया था। इस दौरान गर्मी और डिहाइड्रेशन के चलते 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 240 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बताया जा रहा है कि यातायात अधिकारियों के खराब कॉर्डिनेशन के कारण चेन्नई में लाखों लोग फंस गए। एयरफोर्स ने मरीना बीच पर 16 लाख लोगों को इकट्ठा कर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड बनाने की कोशिश की थी। इस दौरान पानी बेचने वाली दुकानों को वहां से हटा दिया गया था। सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलने वाले इस एयर शो के लिए सुबह 8 बजे से ही भीड़ जमा हो गई थी।

### ऐसे हुआ हादसा



- एयर शो खत्म होने के बाद, भीड़ वहां से निकली और पूरी तरह से नाकाबंदी हो गई।
- इस दौरान कई लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए और कुछ को सांस लेने के लिए सड़क के किनारे बैठना पड़ा।
- गर्मी से बिलख रहे लोगों को समुद्र तट के पास रहने वाले स्थानीय लोगों ने पीने का पानी उपलब्ध कराया।

### सीएम स्टालिन और डिप्टी सीएम उदयनिधि भी रहे मौजूद

समारोह में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह, तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, राज्य के विभिन्न मंत्री और अन्य उपस्थित थे। बीजेपी नेता अन्नामलाई ने घटना को लेकर डीएमके सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सरकार की नाकामी के कारण यह हादसा हुआ है।

### वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने 16 लाख लोग हुए थे जमा

जानकारी के मुताबिक 16 लाख लोगों को एकत्र कर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के उद्देश्य से इस एयर शो का आयोजन किया गया था। हालांकि वहां भारी भीड़ के चलते बदइंतामी हो गई।

### एयर शो में सारंग, तेजस ने बनाए फॉर्मेशन

वायुसेना के एयर शो में राफेल, सूर्यकिरण और सारंग समेत 72 एयरक्राफ्ट्स ने करतब दिखाए। शो का सबसे बड़ा अट्रैक्शन पॉइंट प्रथम विश्वयुद्ध में इस्तेमाल हार्वर्ड टी-6जी टैक्सन एयरक्राफ्ट रहा। भारतीय वायुसेना ने 1974 तक हार्वर्ड को इंटरमीडिएट ट्रेनर के रूप में इस्तेमाल किया था। शो में एडवांस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस, सारंग, सुखोई 30 एमकेआई, सी17, सी-295, अपाचे, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर प्रचंड, डकोटा जैसे हैरिटेज एयरक्राफ्ट भी शामिल हुए।

# जहां लगी थी गोली, वहीं जाकर ट्रंप ने कहा- मौत के सामने भी हार नहीं मानूंगा

एजेंसी • पेंसिल्वेनिया
editor@peoplessamachar.co.in

पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को पेंसिल्वेनिया चुनावी रैली को संबोधित किया। दिलचस्प बात रही है कि मंच पर ट्रंप के साथ टेस्ला के सीईओ एलन मस्क भी नजर आए। मंच पर जाकर मस्क ने ट्रंप के लिए समर्थन भी मांगे। इस चुनावी रैली में हजारों की संख्या में रिपब्लिकन पार्टी के समर्थकों ने हिस्सा लिया था। मंच पर मस्क ने लोगों के सामने फाइट-फाइट और वोट-वोट के नारे लगाए। बता दें, इस साल 5 नवंबर को अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होना है।

### लोकतंत्र को बचाने ट्रंप को जीतना होगा: मस्क

इस मौके पर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क मस्क ने मंच पर आकर कहा, संविधान को संरक्षित करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को जीतना होगा। हमारे जीवनकाल का यह सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है और अमेरिका में लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए ट्रंप को जीतना ही होगा। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेट पार्टी लोगों से वोट देने के अधिकार को छीनना चाहते हैं।


एलन मस्क

### पेंसिल्वेनिया में इसी जगह पर लगी थी ट्रंप को गोली

बता दें, कुछ दिनों पहले पेंसिल्वेनिया में इसी जगह पर चुनावी रैली के दौरान ट्रंप को गोली लगी थी। ट्रंप ने गोलीबारी के बाद जहां से अपना भाषण छोड़ा था वहीं, से शुरू किया। बता दें, 13 जुलाई को जब ट्रंप अपना भाषण दे रहे थे तो उनपर गोली चलाई गई थी। ट्रंप ने जुलाई में हुई हत्या की कोशिश को याद करते हुए कहा, मैं कभी हार नहीं मानूंगा। मैं कभी झुकूंगा नहीं। मैं कभी टूटूंगा नहीं। मैं कभी नहीं झुकूंगा। मौत के सामने भी नहीं।


डोनाल्ड ट्रंप

**न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार-जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक /अ–6/2024–25

:: उद्घोषणा पत्र ::

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती उमा खुरासिया पत्नि श्री हरिबाबू खुरासिया निवासी म.नं. –62, फेस–1, रिवेरा टाउन माता मंदिर के पास, भोपाल म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर फौती क्र. दिनांक ग्राम बावड़िया कलां प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर 151/3/1/3ग, 151/3/1/4, 151/3/1/5 व अन्य का अंश एक किता भूखण्ड क्र 19 क्षेत्रफल 105 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो यह 18.10.2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 03.10.2024 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील - कोलार भोपाल**

# 5 दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू, आज मोदी से मिलेंगे

## पीएम से होगी द्विपक्षीय और क्षेत्रीय संबंधों को लेकर बात

एजेंसी • नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू रविवार को अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। मुइज्जू की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस यात्रा पर वह 6 से 10 अक्टूबर तक भारत में रहेंगे। हालांकि, मालदीव के राष्ट्रपति इस साल जून में भी दिल्ली आए थे। जब वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। वहीं, आज उनके आगमन पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनसे मुलाकात की। मुलाकात के बाद जयशंकर ने कहा कि हम भारत-मालदीव संबंधों को बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। दोनों देशों के बीच यह द्विपक्षीय वार्ता से हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई ऊंचाई मिली है।


मोहम्मदमुइज्जू

### मुंबई-बेंगलुरु में कारोबारियों से भी होगी मुलाकात

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अपनी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान मुंबई और बेंगलुरु भी जाएंगे। जहां उनके कारोबारी कार्यक्रम होंगे। वहीं, कल यानी 7 अक्टूबर को राष्ट्रपति मुइज्जू का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह मोदी के साथ भारत-मालदीव के आपसी हितों के संबंध में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## मेघालय में बारिश से 10 लोगों की मौत

शिलांग। मेघालय में लगातार हो रही बारिश से लोगों का जीना मुहाल हो गया है मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स और साउथ गारो हिल्स जिले में भूस्खलन और बाढ़ से 10 लोगों की मौत हो गई है। बीते शुक्रवार की रात से यहां लगातार बारिश हो रही है। बारिश और भूस्खलन ने क्षेत्र के सभी 5 जिलों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

## लखनऊ में दो दोस्तों ने किया बाइक से स्टंट, एक की मौके पर मौत, दूसरे की हालत गंभीर

एजेंसी • लखनऊ
editor@peoplessamachar.co.in

यूपी की राजधानी लखनऊ में दो युवकों को बाइक पर स्टंट करना काफी महंगा पड़ा और उन्हें इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पुलिस ने रविवार को बताया कि 26 साल के एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उसके पीछे बैठा उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर है। स्टंट करने के दौरान उनकी तेज रफ्तार बाइक जानकीपुरम इलाके में एक दीवार से टकरा गई। चश्मदीदों के अनुसार, विजय (26) और ललित (30) दो दोस्त तेज रफ्तार बाइक पर स्टंट कर रहे थे। विजय की मौके पर ही मौत हो गई।

**kotak कोटक महिन्द्रा बैंक लि.**

**ई- नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

पंजीकृत कार्यालय: 27 बीकेसी, सी27, जी ब्लाक, बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स, बांद्रा ई., मुम्बई-400 051, महा.)

शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय: कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, प्लॉट नम्बर ... ISBT के पास भोपाल म.प्र.-462026

एतद् द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी/सह-उधारकर्ता/गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी को गिरवी रखी गई है, जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। जिसे ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा, अचल संपत्ति की बिक्री के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार, मे. सी1 इंडिया प्रायवेट लिमिटेड यानि www.c1india.com के वेब पोर्टल के माध्यम से आनलाईन जमा करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

| ऋणकर्ता और गारंटरों/मार्टगेजर(रों) का नाम | मांग पत्र दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विस्तृत विवरण | आरक्षित मूल्य | अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता क्रमांक आरएचबी742067 (सीआरएन क्रमांक 187051524) और आरएचबी753159 (सीआरएन क्रमांक 212000297) श्री हरवेंद्र सिंह रावत (उधारकर्ता) श्रीमती मीनल रावत (सह-उधारकर्ता) (गारंटर) दोनों निवास स्थान: 60-बी, सेक्टर इंद्रपुरी, जुबली गेट के सामने, भेल भोपाल 462002 | डिमांड नोटिस दिनांक 24 जुलाई 2019, ऋण खाता क्रमांक आरएचबी 753159 और सीआरएन क्रमाक 212000297 के अंतर्गत 24 07 2019 तक रु. 68,10,825.36/- (रुपये अड़सठ लाख दस हजार आठ सौ पच्चीस और छत्तीस पैसे मात्र) ऋण खाता संख्या आरएचबी 753159 और सीआरएन नंबर 212000297 के अंतर्गत रु. 22,06,740.41- (रुपये बाईस लाख छह हजार सात सौ चालीस और इकतालीस पैसे मात्र) 24-07-2019 तक). | संपत्ति - 1 अचल संपत्ति का पूरा टुकड़ा मकान नबर 63 है जिसमें प्लॉट एरिया 1314 वर्ग फीट है। आर.एस. नंबर 3 और 5 एस्टेरिया, गांव पिपलिया केशो पी.एन. नंबर 28, द, हुजूर जिला में स्थित है। भोपाल (म.प्र) संपत्ति - 2 अचल संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल मकान नं. 64 है, जिसमें प्लॉट एरिया 2348 वर्ग फीट है। आर.एस. नं. 3 और 5 एस्टेरिया, ग्राम आइपलिया केशो पी.एच. नं. 28, द, हुजूर जिला में स्थित है। भोपाल (म.प्र) संपत्ति - 3 अचल संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल मकान नं. 65 है, जिसमें प्लॉट एरिया 2348 वर्ग फीट है। आर.एस. नं. 3 और 5 एस्टेरिया, ग्राम आइपलिया केशो पी.एच. नं. 28, द, हुजूर जिला मे स्थित है। भोपाल (म.प्र) | रु. 36,56,700/-(रुपये छत्तीस लाख छप्पन हजार सात सौ मात्र) संपत्ति - 1 के लिए रु. 42,61,500/-(रुपये बयालीस लाख इकसठ हजार पांच सौ मात्र) संपत्ति-2 के लिए रु.35,99,500/-(रुपये पैंतीस लाख निन्यानबे हजार पांच सौ मात्र) संपत्ति - 3 के लिए | 16/10/2024 11:00 AM - 12:00 PM |
| | | | **बयाना राशि जमा (ईएमडी)** | **दिनांक, नीलामी समय** |
| | | | रु. 3,65,670/-(रुपये तीन लाख पैंसठ हजार छह सौ सत्तर मात्र) संपत्ति - 1 के लिए रु.4,26,150/- (रुपये चार लाख छब्बीस हजार एक सौ पचास मात्र) संपत्ति- 2 के लिए रु. 3,59,950/- (रुपये तीन लाख उनचास हजार नौ सौ पचास मात्र) संपत्ति-3 के लिए | 25/10/2024 11:00 AM - 12:00 PM |
| | | | | **बोली वृद्धि राशि** |
| | | | | 50,000/- |
| | | | | **प्रस्ताव/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि** |
| | | | | 24/10/2024 शाम 5.00 बजे तक |

**बिक्री के महत्वपूर्ण नियम और शर्तें:**
(1) नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों के अनुसार और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड की वेबसाइट देख सकते हैं यानी https://www.bankeauctions.com ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्तियों का विवरण और बोली प्रपत्र जो आनलाईन जमा किया जाएगा। (2) सभी इच्छुक खरीददारों/बोलीदाताओं को ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com में अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड मुफ्त में जेनरेट करना होगा। पूर्वोक्त तिथि और समय पर ; (3) ई-नीलामी पर किसी भी पूछताछ, सूचना, समर्थन, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विभाग से श्री धारानी कृष्णा मोबाइल नंबर: 99481822222 और ई-मेल आईडी: mpcg@c1india.com और support@bankeauctions.com से संपर्क कर सकते है। (4) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि इच्छुक बोलीदाता ऊपर वर्णित या पूर्व नियुक्ति के साथ किसी अन्य तिथि और समय पर संपत्ति और उसके दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकते है और उन्हें ई-नीलामी पर अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकार पर भार, संपत्ति के शीर्षक के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन केएमबीएल की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है, चाहे केएमबीएल को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार किसी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक खरीददारों/बोलीदाताओं को वेब पोर्टल (https://www.bankeauctions.com) पर ब्याज मुक्त वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) के भुगतान का विवरण जमा/अपलोड करना होगा। इन्दौर में देय 'कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति, पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास के पते के प्रमाण, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्तावों और पते के प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ जैसा की ऊपर निर्दिष्ट किया गया है। (5) अन्य सभी बोलीदाताओं की ईएमडी जो ई-नीलामी में सफल नहीं हुए, उन्हें केएमबीएल द्वारा ई-नीलामी बंद होने के 72 कार्य घंटों के भीतर वापस कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नही होगा।

सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2), 8(6) और 9(1) के तहत ऋणी/बंधक/गारंटर को एतद्वारा 30 दिनों का वैधानिक नोटिस दिया जाता है। ताकि देयता का पूर्ण निर्वहन किया जा सके और भुगतान किया जा सके। इस नोटिस की तारीख से तीस दिनों के भीतर अद्यतन ब्याज और व्यय के साथ ऊपर उल्लिखित देय राशि का भुगतान करें और ऐसा न करने पर सुरक्षित संपत्ति को ऊपर उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार बेचा जाएगा। अंग्रेजी और वर्नाक्यूलर समाचार पत्र में बिक्री नोटिस के प्रकाशन के बीच कोई विसंगति होने की स्थिति में, तो ऐसे मामले में अंग्रेजी समाचार पत्र स्थानीय समाचार पत्र का स्थान लेगा और इसे अंतिम प्रति के रूप में माना जाएगा, इस प्रकार अस्पष्टता को दूर किया जाएगा। यदि उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता बैंक को देय राशि का भुगतान बिक्री की तारीख से पहले पूरी तरह से कर देता है, तो नीलामी रोक दी जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए हमारे अधिकृत अधिकारी श्री प्रशांत सातपुते @9724433999 और श्री अशोक मोटवानी @ 9873737351 पर बैंक के उपर्युक्त क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क करें। विशेष निर्देश:- ई-नीलामी हमारे सेवा प्रदाता मेसर्स सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड द्वारा संचालित की जाएगी। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल) की ओर से, पूर्व-निर्दिष्ट तिथि पर, जबकि बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य से ऊपर अपनी पसंद के अनुसार अपने स्वयं के घर/कार्यालयों/अपनी बोली के स्थान से उद्धृत करना होगा। इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य सामग्री आवश्यकताओं को बोली लगाने वालों को स्वयं सुनिश्चित करना होगा। कृपया ध्यान दें कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की विफलता (किसी भी कारण से जो भी हो) की पूरी जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी और न तो केएमबीएल और न ही सी1 इंडिया प्राइवेट। लिमिटेड इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जो भी आवश्यक हों, करें ताकि वे ऐसी स्थिति से बचने में सक्षम हों और फिर भी ई-नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। तथापि, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी जटिल स्थिति से बचने के लिए अपनी बोली को उद्धृत करने/सुधारने के लिए अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा न करें।

स्थान: भोपाल (म.प्र.) दिनांक: 07.10.2024 — हस्ते/-(प्राधिकृत अधिकारी), कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

# बिहार में मुखिया हारा चुनाव, तो खुद की बनाई सड़क तुड़वा दी

## मामले की जांच के निर्देश, होगी कार्रवाई

एजेंसी • जहानाबाद
editor@peoplessamachar.co.in

बिहार के जहानाबाद में एक पूर्व मुखिया का अपनी ही बनवाई हुई सड़क तोड़ देने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत चुनाव में पूर्व मुखिया को वोट नहीं दिया तो इसलिए उन्होंने ऐसा किया। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल मिस्त्री ने कहा कि मामले की जांच करवा रहे हैं। दोषी पाए जाने पर पूर्व मुखिया पर कार्रवाई की जाएगी। बिहार के जहानाबाद के पूर्व मुखिया नागेंद्र यादव उर्फ छोटन यादव ने सिबल बीघा गांव की ओर जाने वाली सड़क को तोड़कर तहस-नहस कर दिया है। छोटन यादव ने ही इस पर ईंट सोलिंग कराई थी, लेकिन पिछला चुनाव वह हार गए थे। वहीं, शिकायत मिलने पर प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से इसकी शिकायत की है कि सड़क टूट जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पूर्व मुखिया की इस करतूत को लेकर इलाके में आक्रोश है।



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सा.) सीहोर (म.प्र.)**

क्रमांक/शिविर/2479 — सीहोर, दिनांक 01.10.2024

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन अवैध सागौन इमारती वनोपज परिवहन करते हुए मध्य प्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) 15 भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52, 41 के अन्तर्गत जप्त किया गया हैं, कुछ प्रकरणों में वाहन मालिक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरान्त भी वे उपस्थित नही हो रहे हैं। प्रकरण ज्ञात/अज्ञात में पंजीबद्ध हुये हैं। अतः विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर प्राधिकृत अधिकारी/उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सा.) सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्त वाहनों में हित/हक रखने वाले अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण में जप्त वाहनों को राजसात करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, प्रकरण का विवरण निम्नानुसार हैं :–

| क्र | वन अपराध प्रकरण क्रमांक /दिनांक | वाहन का विवरण | वाहन का पंजीयन क्रमांक | वाहन मालिक /आरोपी का नाम/पता | अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 42171/24 04.09.2024 | मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर। | बिना नम्बर चेचिस नम्बर एवं इंजन नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती काष्ठ का अवैध परिवहन | कक्ष क्रमांक 216 शनिमहाराज देवस्थान के पास मोटर साइकिल द्वारा सागौन इमारती काष्ठ का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 2 | 42242/09 22.09.2024 | मोटर साइकिल होण्डा साईन | बिना नम्बर चेचिस नम्बर ME4JC654CH 7061063 इंजन नम्बर JC65E 71088159 | अज्ञात | सागौन इमारती काष्ठ का अवैध परिवहन | डोंगलापानी से डूण्डालावा के रास्ते पर मोटर साइकिल द्वारा सागौन इमारती काष्ठ का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |

जी-17235/24 — ' स्वच्छता ही सेवा ' — प्राधिकृत अधिकारी/ उपवनमंडलाधिकारी (सा.) सीहोर